





इस चित्र के बारे में बच्चों से बातचीत करें – यह स्कूल में किस समय का दृश्य है? बच्चे क्या कर रहे हैं? बच्चे कौन–कौन से खेल, खेल रहे हैं? चित्र में कितने बच्चे हैं और कितने बड़े हैं? आपस में कौन क्या बात कर रहा होगा? बच्चों से चित्र में सबके लिए नाम सोचने को कहें।

© NCERT not to be republished



# 1. झूला


अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगा।
इस पर चढ़कर, ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगा।



झूला झूल रहा है डाली,
झूल रहा है पत्ता-पत्ता।
इस झूले पर बड़ा मज़ा है,
चल दिल्ली, ले चल कलकत्ता।

© NCERT not to be republished

झूल रही नीचे की धरती,
उड़ चल, उड़ चल,
उड़ चल, उड़ चल।
बरस रहा है रिमझिम, रिमझिम,
उड़कर मैं लूटूँ दल-बादल।




© NCERT
not to be republished



झ ल ड

# झूले ही झूले

बताओ, इनमें किन चीज़ों पर तुम झूले की तरह झूल सकते हो?




टायर



फाटक



झाड़ू




दरी



डाली



मेज़



पैर वाला झूला



अलमारी

मुझे .................... पर झूलने में मज़ा आता है।

मुझे .................... पर झूलने में डर लगता है।

मुझे .................... पर झूलने पर डाँट पड़ती है।

© NCERT not to be republished

तुम इन झूलों पर भी झूले होगे। इन झूलों को तुमने कहाँ-कहाँ देखा है?



मेला स्कूल पार्क

घर का आँगन बगीचा




......




.....................

.....................



.....................



.............



.....................


झूले से सुहानी को क्या-क्या दिख रहा होगा?




© NCERT not to be republished









इस चित्र के बारे में बच्चों से बातचीत करें – बच्चे कौन-सा खेल खेल रहे हैं? बाकी बच्चे कहाँ हैं? कितने बच्चे छिपे हैं? यह किस पेड़ का तना है? स्कूल के आसपास क्या है? इस चित्र में क्या तुम्हें सुहानी दिखाई दे रही है?



## मिलाओ





ठेला

झूला

पेड़

गठरी






**खाली जगह भरो और फिर छुपने की इन जगहों पर बच्चों के चित्र बनाओ।**





.......पेड़...... के पीछे

................ के नीचे





................ के नीचे

................ के पीछे

not to be republished






# पकड़न – पकड़ाई



छ ई




ऊपर बनी चीज़ों के नाम उन अक्षरों के नीचे लिखो जो उनमें आते हैं।

| ठ | छ | म | अ | न |
|---|---|---|---|---|
| | मछली | मछली | | |



यहाँ मछली दो बार लिखा गया है। क्या किसी और चीज़ का नाम भी तुमने दो बार लिखा है?

..........................................................................

© NCERT not to be republished